प्र०सं० 29/2022 अनवान रूकमा बनाम स्टेट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व अहकाम हुक्म की में जारी
24/01/22	प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिविर अयालकी में पेश होकर प्रार्थीया रूकमा पुत्री कोडुराम जाति मेघवाल साकिन लालगढ़ ने रा.भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत दरख्वास्त पेश की है कि चक 31 जेआरके के खाता सं. 62 में प्रार्थिया का साकिन लालगढ़ दर्ज है जबकि इनका सही पता धोलीपाल दर्ज है। अतः इनका पता लालगढ़ से धोलीपाल करने हेतु निवेदन किया गया है। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार से रिपोर्ट ली गई। शैलेन्द्र कुमार, व्याख्याता रा0 आदर्श उ0प्रा0वि0 कान्हेवाला व प्रधानाचार्य रा0उ0मा0वि0, कान्हेवाला(26 जेआरके) द्वारा गवाही दी गई कि प्रार्थीया रूकमा का सही पता धोलीपाल है। प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत साक्ष्यों, दो सरकारी कार्मिकों की गवाही तथा तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसील पीलीबंगा चक 31 जेआरके के खाता सं. 62 में रूकमा पुत्री कोडुराम जाति मेघवाल का पता लालगढ़ के स्थान पर धोलीपाल किया जाता है। शेष प्रविष्टियां यथावत रहेंगी। तहसीलदार पीलीबंगा पालना सुनिश्चित करें। पत्रावली फैसलशुदा दाखिल दफतर की जाती है। उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) पीलीबंगा	

Signature Not Verified
Digitally signed by Ranjeet Kumar
Date: 2022.04.24 16:51:23 IST
Reason: SelfAttested